| प्रेस नोट–204 / 2026 |
| --- |
| दिनांक 14.04.2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## मेटा के अलर्ट से पुलिस मुख्यालय लखनऊ के निर्देश पर अंबेडकरनगर पुलिस द्वारा, 18 वर्षीय फोटोग्राफर की, 10 मिनट में, बचायी गयी जान

- **आत्महत्या संबंधी पोस्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अंबेडकरनगर पुलिस ने 10 मिनट में पहुंचकर 18 वर्षीय फोटोग्राफर का जीवन बचाया।**
- **दिनांक 13-04-2026 को गर्लफ्रेंड से रोज़ झगड़ा होने के कारण उत्पन्न अवसाद में आत्महत्या संबंधी पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा की गई।**
- **पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के निर्देशानुसार मुख्यालय को प्राप्त अलर्ट के आधार पर तत्काल फोटोग्राफर की लोकेशन ट्रेस कर जनपद अंबेडकरनगर पुलिस को सूचित किया गया।**
- **दिनांक 01-01-2023 से 10-04-2026 तक इस पहल के अंतर्गत कुल 2498 व्यक्तियों के जीवन की रक्षा की जा चुकी है।**

दिनांक 13-04-2026 को जनपद अंबेडकरनगर के थाना अहिरौली निवासी 18 वर्षीय फोटोग्राफर द्वारा, **"आज फाँसी लगा रहा हूँ, हार गया हूँ ख़ुद से "** यह टेक्स्ट लिखकर, **इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट किया** गया। उक्त पोस्ट के संबंध में दिनांक-13-04-2026 को रात्रि 11:02 PM पर मेटा कंपनी की तरफ से मुख्यालय पुलिस महानिदेशक स्थित सोशल मीडिया सेन्टर को ई-मेल के ज़रिए एलर्ट प्राप्त हुआ। जिसका तत्काल संज्ञान लेकर उच्चाधिकारियों को संज्ञानित कराया गया।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, **श्री राजीव कृष्ण द्वारा उक्त एलर्ट पर तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित** किया गया। मेटा कम्पनी द्वारा भेजे गये अलर्ट का संज्ञान लेकर मुख्यालय की सोशल मीडिया सेन्टर द्वारा प्राप्त अलर्ट में उपलब्ध कराये गये मोबाइल नम्बर के आधार पर तत्काल फोटोग्राफर की लोकेशन की जानकारी करके जनपद अंबेडकरनगर को प्रकरण से अवगत कराया गया।

मुख्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना एवं लोकेशन पर **थाना अहिरौली के उप निरीक्षक मय पुलिस कर्मियों के मात्र 10 मिनट के अन्तराल में फोटोग्राफर के घर पहुंच गए।** पुलिस कर्मियों द्वारा तत्काल परिजनों को फोटोग्राफर द्वारा किए गए पोस्ट की जानकारी देते हुए, अविलंब फोटोग्राफर के कमरे में दौड़ कर पहुंचे तो देखा कि **फोटोग्राफर अपने गले 'में फाँसी का फंदा डाल कर छत के पंखे से लटकने की कोशिश कर रहा था किंतु छत की ऊँचाई अधिक होने के कारण वह अपने प्रयास में सफल नहीं हो पाया** कि तभी पुलिसकर्मियों द्वारा समय पर पहुँच कर फोटोग्राफर को आत्महत्या करने से रोक लिया गया।

फोटोग्राफर के सामान्य होने के उपरांत पुलिसकर्मियों द्वारा की गई पूछताछ में उसके द्वारा बताया कि उसकी **गर्लफ्रेंड से उसका रोज़ झगड़ा होता रहता है जिस से वह परेशान हो गया एवं अवसादग्रस्त हो गया, जिसके परिणामस्वरूप उसके मन में आत्महत्या का विचार उत्पन्न हुआ और उसने यह कदम उठा लिया।**

पुलिस कर्मियों द्वारा समय से पहुँच कर, फोटोग्राफर को आत्महत्या करने से रोका गया एवं काउन्सलिंग की गयी, जिस पर फोटोग्राफर द्वारा भविष्य में ऐसी गलती नहीं करने का आश्वासन दिया गया। फोटोग्राफर के परिजनों द्वारा स्थानीय थाने के पुलिसकर्मियों की तत्परता तथा उनके सहयोग हेतु उ0प्र0 पुलिस को धन्यवाद दिया गया।

उत्तर प्रदेश पुलिस एवं मेटा कम्पनी के मध्य 2022 से प्रचलित व्यवस्था के अंतर्गत यदि कोई भी व्यक्ति फेसबुक अथवा इंस्टाग्राम पर आत्महत्या किए जाने से सम्बंधित पोस्ट करता है तो ऐसी पोस्ट के सम्बंध में मेटा कम्पनी द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस को ई-मेल एवं फोन के माध्यम से अलर्ट भेजकर सूचित किया जाता है। **दिनांक 01-01-2023 से 10-04-2026 के मध्य आत्महत्या संबंधी पोस्ट पर प्राप्त अलर्ट का संज्ञान लेकर कुल 2498 व्यक्तियों के प्राणों की रक्षा उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा की जा चुकी है।**

उत्तर प्रदेश पुलिस को मेटा सुसाइडल अलर्ट की नवीन पहल के लिए प्रतिष्ठित **SKOCH Award-2025 तथा The Economic Times GovTech Awards- 2026** से सम्मानित किया गया है।



| प्रेस नोट–205/2026 |
|---|
| दिनांक 14.04.2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## उत्तर प्रदेश अग्निशमन एवं आपात सेवा द्वारा 'राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस' का आयोजन

- **'राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस' पर अग्नि सुरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ, मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 एवं डीजीपी उ0प्र0 को लगाया गया फ्लैग पिन।**
- **1944 मुंबई अग्निकांड के 66 वीर अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि, प्रदेशभर में जागरूकता अभियान शुरू।**
- **अग्नि सुरक्षा सप्ताह (14–20 अप्रैल): मॉक ड्रिल व जनजागरूकता कार्यक्रमों के साथ सुरक्षा पर विशेष जोर।**
- **इस वर्ष का विशेष अभियान "सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज"।**

आज दिनांक 14.04.2026 को **"राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस"** के अवसर पर मा० मुख्यमंत्री उ०प्र० **श्री योगी आदित्यनाथ जी** एवं पुलिस महानिदेशक, उ०प्र० **श्री राजीव कृष्ण** को महानिदेशक, उत्तर प्रदेश अग्निशमन एवं आपात सेवा श्री सुजीत कुमार पाण्डेय द्वारा फ्लैग पिन लगाया गया।

**'राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस'** के अवसर पर उत्तर प्रदेश अग्निशमन एवं आपात सेवा द्वारा पूरे प्रदेश में शौर्य एवं समर्पण के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन तथा 'अग्नि सुरक्षा सप्ताह' का विधिवत शुभारम्भ किया गया। इस वर्ष का विशेष अभियान **"सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज"** विषय पर केंद्रित है,

इस अवसर पर महानिदेशक, उत्तर प्रदेश अग्निशमन एवं आपात सेवा द्वारा लखनऊ स्थित हजरतगंज फायर स्टेशन में शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

उल्लेखनीय है कि यह दिवस 14 अप्रैल 1944 मुंबई के विक्टोरिया डॉक में एक मालवाहक जहाज में हुए भीषण विस्फोट में कर्तव्य पथ पर अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले 66 वीर अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में मनाया जाता है।

अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के अवसर प्रत्येक वर्ष **"अग्नि सुरक्षा सप्ताह 14 से 20 अप्रैल"** तक मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य अग्निकांड में शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करना तथा आमजन में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।






नियन्त्रण कक्ष
अग्निशमन तथा आपात सेवा केन्द्र
फायर स्टेशन हजरतगंज
जनपद- लखनऊ
दूरभाष - 9454418642

| |
|---|
| प्रेस नोट–206/2026 |
| दिनांक 14.04.2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## कमिश्नरेट लखनऊ/थाना कृष्णानगर

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 08 लाख रूपये कीमत की पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **नगद रूपये आदि बरामद**

दिनांक 14.02.2026 को थाना कृष्णानगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर केसरी खेडा रेलवे लाइन के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त कुलदीप को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 08 लाख रूपये कीमत की पीली–सफेद धातु के आभूषण, नगद रूपये आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी आदि के 07 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना कृष्णानगर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कृष्णानगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–कुलदीप निवासी निजामपुर मल्हौर कमिश्नरेट लखनऊ।

**बरामदगी**

1–लगभग 08 लाख रूपये कीमत की पीली–सफेद धातु के आभूषण।

2–नगद रूपये आदि।

**जनपद कुशीनगर/थाना पटहेरवा**

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 14.02.2026 को थाना पटहेरवा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गोपालगढ़ तिराहा के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त मो0सद्दाम को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना पटहेरवा पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना पटहेरवा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मो0सद्दाम निवासी नागलिया अकिल थाना अजीमनगर जनपद रामपुर, हालपता ताखा पश्चिम ताखा मरियम वेस्ट शाहगंज जनपद जौनपुर।

**जनपद रामपुर/थाना अजीमनगर**

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोबाइल फोन आदि बरामद**

दिनांक 14.04.2026 को अपराध शाखा रामपुर व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना जसपुर जनपद उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड क्षेत्र से पुरस्कार घोषित अभियक्त वसीम उर्फ बस्सू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोबाइल फोन आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना अजीमनगर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना अजीमनगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–वसीम उर्फ बस्सू निवासी मछली बाजार थाना जसपुर उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड।

**बरामदगी**

1–01 मोबाइल फोन आदि।

**जनपद बांदा/थाना अतर्रा**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 154 ग्राम सफेद धातु के टंच**
- **चोरी के 41 हजार 700 रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 14.04.2026 को थाना अतर्रा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कस्बा अतर्रा के जरूहा चौकी जाने वाले रास्ते से अभियुक्त शम्भू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के 154 ग्राम सफेद धातु के टंच, चोरी के 41 हजार 700 रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना अतर्रा क्षेत्रान्तर्गत चोर द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना अतर्रा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद सफेद धातु के टंच, रूपये चोरी के घटनाओं से सम्बन्धित हैं। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद चित्रकूट के विभिन्न थानों पर चोरी, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट आदि के 09 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना अतर्रा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–शम्भू निवासी चिल्ला माफी थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी के 154 ग्राम सफेद धातु के टंच।

2–चोरी के 41 हजार 700 रूपये नगद।

3–01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस।

———————